This question paper contains **3** printed pages]

# JO—124—2023

## FACULTY OF ARTS

### M.A. (First Year) (First Semester) EXAMINATION

### NOVEMBER/DECEMBER, 2023

### (CBCS/New Pattern)

HINDI

Paper IV

(नाट्यसाहित्य : भाग-1)

**(Friday, 8-12-2023)** **Time : 10.00 a.m. to 1.00 p.m.**

*Time—Three Hours* *Maximum Marks—75*

*N.B.* :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. ससंदर्भ व्याख्या स्पष्ट कीजिए :

(अ) "तुम मालव हो और यह मागध, यही तुम्हारे मान का अवसान है न ? परंतु आत्म-सम्मान इतने ही से संतुष्ट नहीं होगा। मालव और मागध को भूलकर जब तुम आर्यावर्त का नाम लोगे तभी वह मिलेगा।" 10

**अथवा**

"मैं यद्यपि तुम्हारे जीवन में नहीं रही, परंतु तुम मेरे जीवन में सदा बने रहे हो। मैंने कभी तुम्हें अपने से दूर नहीं होने दिया। तुम रचना करते रहे और मैं समझती रही कि मैं सार्थक हूँ, मेरे जीवन की भी कुछ उपलब्धि है।"

P.T.O.

3F02D7DC66BC2D676BA31B9B2117A5C7

(आ) ''पुत्र, समय अनुकूल न हो तो प्रखर से प्रखर बुध भी तर्क के स्थान पर कुतर्क को बढ़ावा देता है। यह तो न भूले होंगे कि तुम्हारी शुक्र की दशा चल रही है।'' 10

**अथवा**

''मैं अनुभव करता हूँ कि यह ग्राम-प्रांत मेरी वास्तविक भूमि है। मैं कई सूत्रों से इस भूमि से जुड़ा हूँ। उन सूत्रों में तुम हो, यह आकाश और ये मेघ है, यह हरियाली है, हरिणों के बच्चे हैं, पशुलाक हैं।''

2. नाटक की परिभाषा देते हुए नाटक के तत्वों पर प्रकाश डालिए। 20

**अथवा**

'चंद्रगुप्त' की चारित्रिक विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

3. 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक की कथावस्तु स्पष्ट कीजिए। 20

**अथवा**

'नेपथ्य राग' नाटक की मूल संवेदना को विशद कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर **पंद्रह-बीस** पंक्तियों में लिखिए : 5

(*i*) भारतेंदु हरिश्चंद्र का जीवन-परिचय लिखिए।

(*ii*) लक्ष्मीनारायण मिश्र के साहित्य की विशेषताओं को लिखिए।

(*iii*) विष्णु प्रभाकर का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(*iv*) शंकर शेष के नाटकों का सामान्य परिचय दीजिए।

3F02D7DC66BC2D676BA31B9B2117A5C7

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में लिखिए : 5

(*i*) 'एक और द्रोणाचार्य' नाटक के नाटककार कौन हैं ?

(*ii*) भीष्म साहनी का जन्म कब हुआ ?

(*iii*) 'संन्यासी' नाटक के रचनाकार कौन हैं ?

(*iv*) भारतेंदु हरिश्चंद्र के पिता का नाम क्या है ?

(*v*) विष्णु प्रभाकर का जन्म कहाँ हुआ ?

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) 'हत्या के बाद' और 'समरेखा-विषमरेखा' के नाटककार ............... हैं।

(*ii*) ................... ई. सन् को शंकर शेष की मृत्यु हुई।

(*iii*) लक्ष्मीनारायण मिश्र का जन्म .................. प्रदेश में हुआ।

(*iv*) भीष्म साहनी को ................... वर्ष में साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला।

(*v*) 'अंधेर नगरी' .................. विधा की रचना है।



3F02D7DC66BC2D676BA31B9B2117A5C7